आरोप

उपसरपंच ने की कलेक्टर से निष्पक्ष जांच और एकल खाते पर रोक की मांग की

बिलगांव पंचायत में लाखों के गबन का आरोप

नवभारत, डिण्डौरी 8 जुलाई। जिले की ग्राम पंचायत बिलगांव एक बार फिर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। पंचायत के उपसरपंच गुलाब प्रसाद साहू ने मंगलवार की जनसुनवाई में लिखित शिकायत सौंपकर सरपंच और सचिव पर लाखों रुपये की शासकीय राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

शिकायत में वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने के साथ ही पंचायत के एकल खाते पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। उपसरपंच ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में पूर्व में 3 लाख 34 हजार रुपये का गबन किया गया था।

पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल

इसके बाद वर्ष 2022 से 2026 के बीच नल-जल योजना के मेंटेनेंस और लेबर भुगतान के नाम पर 4 लाख 14 हजार रुपये की शासकीय राशि का भी कथित रूप से गबन किया गया। उनका कहना है कि लगातार सामने आ रही इन अनियमितताओं से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है और पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी उठाए सवाल

शिकायत में केवल वित्तीय गड़बड़ी ही नहीं, बल्कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। आवेदन के अनुसार हेमलाल साहू के मकान से गोविंद प्रसाद साहू के मकान तक बनाई जा रही नाली का निर्माण मानकों के विपरीत और अत्यंत घटिया गुणवत्ता का कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी कर शासकीय राशि के दुरुपयोग का प्रयास किया जा रहा है।

मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

उपसरपंच ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए, संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कराया जाए तथा जांच पूरी होने तक पंचायत के एकल खाते के संचालन पर रोक लगाई जाए, ताकि शासकीय राशि के संभावित दुरुपयोग को रोका जा सके।

कमिश्नर ने स्कूल में बच्चों से पढ़ाई पर की चर्चा

चुनपथरी स्कूल पहुंची सुरभि गुप्ता, चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

डिंडोरी, नवभारत 8 जुलाई। शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता एवं डिंडोरी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने ग्राम पंचायत मोहतरा के पोषक ग्राम चुनपथरी स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने दोनों अधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। कमिश्नर और कलेक्टर ने कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा बच्चों को पढ़ाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों की नियमित शैक्षणिक प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

फलदार पौधों का किया रोपण

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने विद्यालय परिसर में आम और अमरूद के फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद सामुदायिक भवन में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। चौपाल में कृषि एवं पशुपालन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए गौ सेवक, कृषि मित्र और पशु सखी के कार्यों की जानकारी ली गई।

एक नजर में

तैलिक साहू महापंचायत 9 अगस्त को शहपुरा में

शहपुरा नवभारत 8 जुलाई। अखिल भारतीय तेली महासभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट दयाराम साहू की अध्यक्षता में बुधवार को शहपुरा में तैलिक साहू समाज के प्रमुखों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा कांग्रेस सहित अन्य दलों के सक्रिय नेता सहित सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिवक्ता दयाराम साहू अखिल भारतीय तेली महासभा के जिला अध्यक्ष ने डिंडोरी जिले में सक्रिय रूप से दोनों राजनीतिक दल भाजपा एवं कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कि साहू समाज के साथ लगातार इन पार्टियों के द्वारा अन्याय किया जा रहा है। उन्हें योग्य प्रतिनिधित्व से वंचित रखा जा रहा है, जबकि साहू समाज चुनाव में निर्णायक भूमिका अदा करता है।

साहू समाज को उपेक्षित रखा गया-चुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों ही सिर्फ साहू समाज का उपयोग करती है। विगत दिनों भी भाजपा एवं कांग्रेस दोनों दलों में संगठन के विभिन्न पदों पर अन्य समाज के लोगों को बड़ी संख्या में बड़े-बड़े पद दिए गए, वही साहू समाज को उपेक्षित रखा गया, जबकि भारतीय जनता पार्टी को चुनाव जीतने में सबसे अधिक साहू समाज निर्णायक भूमिका अदा करता है।

राजनीतिक दलों के प्रति है आक्रोश-लगातार उपेक्षा के चलते साहू समाज में दोनों राजनीतिक दलों के प्रति अत्यधिक आक्रोश है। आगामी 9 अगस्त को विकासखंड शाहपुरा के ग्राम बरगांव में जिला स्तरीय महापंचायत का आयोजन किया गया है, जिसमें साहू समाज की राजनीतिक दलों में उपेक्षा एवं अन्य सामाजिक विषयों पर गहन मंथन किया जाएगा और आगामी दिनों में उक्त सभी राजनीतिक दलों के साथ किस तरह से रणनीति बनाना है सभी विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

सार्थक ऐप से उपस्थिति की बाध्यता खत्म की जाए

कृषि विस्तार अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत उमरिया 8 जुलाई। मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ, जिला इकाई उमरिया ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर कृषि विस्तार अधिकारियों को सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की बाध्यता समाप्त करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। कृषि विस्तार अधिकारी किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कार्यों के संचालन में व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही हैं। संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कई महिला कृषि विस्तार अधिकारियों के कार्यक्षेत्र दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में हैं, जहां सरकारी आवास और मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। एक-एक अधिकारी के जिम्मे 40 से 50 गांव तक हैं। इसके अलावा उन्हें बीज वितरण, खाद वितरण, सर्वेक्षण, समर्थन मूल्य पर धान-गेहूं खरीदी सहित अन्य विभागीय कार्य भी करने पड़ते हैं।

डिण्डौरी पुलिस को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

सेफ क्लिक 2.0' अभियान में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

डिंडोरी, नवभारत 8 जुलाई। प्रदेशव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0 सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन' साइबर सुरक्षा अभियान के प्रभावी संचालन और जन-जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला डिण्डौरी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने जिला पुलिस को 'उत्कृष्ट प्रदर्शन' प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। यह सम्मान साइबर अपराधों की रोकथाम और आमजन में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए

किए गए उल्लेखनीय प्रयासों की राज्य स्तर पर मिली सराहना है।पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के नेतृत्व में जिला साइबर सेल, समस्त थाना एवं चौकी पुलिस तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से 24 जून से 8 जुलाई 2026 तक अभियान चलाया गया।

660 जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं

अभियान के अंतर्गत कुल 660 जागरूकता गतिविधियां आयोजित हुईं, जिनमें 23 डिजिटल एवं सोशल मीडिया कार्यक्रम, 16 जागरूकता रैलियां, 619 बैनर-पोस्टर प्रदर्शन, 2 साइबर क्विज प्रतियोगिताएं, 2 नुक्कड़ नाटक और 1 साइबर मेला शामिल रहा। इन आयोजनों के माध्यम से लोगों को डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग लिंक, ओटीपी फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम, यूपीआई एवं बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड और फर्जी निवेश योजनाओं से बचाव के उपाय बताए गए।

साइबर सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

शहपुरा नवभारत 8 जुलाई। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'सेफ क्लिक अभियान 2.0' के तहत जिला डिंडोरी के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। सेफ क्लिक अभियान 2.0' के तहत शहपुरा पुलिस मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी दी गई। इस अभियान के दौरान विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं, बैंकों में बैंक कर्मचारियों एवं ग्राहकों, महिलाओं तथा वृद्धजनों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने के बारे में जानकारी दी गई।

सर्वजीत सिंह को शीघ्र रिहा करने की उठाई मांग

लोधी महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

अमरपुर नवभारत 8 जुलाई। अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध महासभा जिला डिंडौरी द्वारा सर्वजीत सिंह ठाकुर सदस्य जिला पंचायत सागर एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध महासभा को दो वर्ष पुराने प्रकरण में दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया हैं। उन पर सागर पुलिस द्वारा दो वर्षों से फरार घोषित कर बड़ी कार्यवाही की गई।

सर्वजीत सिंह पिछले 28 अप्रैल को हुए राजा हिरदेशाह



लोधी शौर्य यात्रा की प्रचार प्रसार में लगभग 36 जिलों का भ्रमण किया और आयोजित शौर्य यात्रा में सम्मिलित रहे। जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा किया, जहां अनेकों जिले की पुलिस मौजूद रहीं फिर भी सर्वजीत को फरार बताकर गिरफ्तारी की गई। इससे लोधी समाज ने आक्रोशित है।

इनकी रही उपस्थिति-कार्यवाही के विरोध में महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष अखिल भारतीय महासभा जिला डिंडौरी के नेतृत्व में गुलाब सिंह ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक संघ डिंडौरी, आशीष ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष लोधी महासभा अमरपुर, शिवाकं ठाकुर उपसरपंच नादां, प्रशांत ठाकुर, रामराज ठाकुर रामगढ़ आदि अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के नाम द्वारा कलेक्टर जिला डिंडौरी के नाम मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सर्वजीत सिंह ठाकुर की शीघ्र रिहाई की मांग की गई हैं।

जेईई मेंस में छात्रा नीतू श्याम ने मारी बाजी

मॉडल स्कूल करंजिया का नाम किया रोशन

करंजिया, नवभारत 8 जुलाई। मॉडल स्कूल करंजिया की कक्षा 12वीं (गणित संकाय) की छात्रा नीतू श्याम ने जेईई मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

ग्रामीण परिवेश से आने वाली नीतू के पिता गौतम सिंह श्याम कृषि कार्य करते हैं। नीतू ने कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के बाद मॉडल स्कूल करंजिया में कक्षा 11वीं में प्रवेश लिया और कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रहकर कठिन परिश्रम एवं लगन के साथ अध्ययन किया। इसी मेहनत का परिणाम है कि उसने देश

की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस में सफलता हासिल की।

नीतू शुरू से ही मेधावी रही-विद्यालय परिवार के अनुसार नीतू शुरू से ही मेधावी, अनुशासित और मृदुभाषी छात्रा रही है। पढ़ाई के साथ-साथ उसने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शिक्षकों का विश्वास और स्नेह अर्जित किया। छात्रा की इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन तथा प्राचार्य केशव प्रसाद तिवारी की प्रेरणा और नेतृत्व को भी दिया गया। विद्यालय परिवार ने नीतू की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सर्पदंश पर त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश

साप्ताहिक राजस्व समीक्षा बैठक आयोजित

शहपुरा नवभारत 8 जुलाई। एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा के निर्देशन में तहसील कार्यालय में साप्ताहिक राजस्व समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में एसडीएम वर्मा द्वारा भू अर्जन प्रकरण,फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन, आधार खसरा लिंक, भू राजस्व संग्रहण ,राजस्व न्यायालय में प्रचलित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

संबधित राजस्व कर्मचारियो को मानसून के दौरान अतिवृष्टि से मकान क्षति, सर्पदंश, आकाशीय बिजली गिरने से जन, पशु हानि से सम्बंधित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन ,जन नवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की गहन समीक्षा की गई।

आवेदनों का समय सीमा में करें निराकरण

राजस्व संबंधी प्राप्त आवेदनों के समय सीमा में निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में आरपी मार्को तहसीलदार शहपुरा, टीएल धुर्वे नायब तहसीलदार, बीएस धुर्वे नायब तहसीलदार एवं समस्त राजस्व निरीक्षक, पटवारी उपस्थित रहे।

मेहंदवानी जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप

शहपुरा नवभारत 8 जुलाई। जनपद पंचायत मेहंदवानी एक बार फिर पंचायतों में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चर्चा में है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुछ ग्राम पंचायतों में ठेकेदार, सरपंच, सचिव एवं उपयंत्री की कथित मिलीभगत से फर्जी बिल, मास्टर रोल में हेराफेरी तथा नियमों के विपरीत भुगतान किए गए हैं। लगातार शिकायतों और समाचारों के प्रकाशन के

फर्जी बिल और मस्टर रोल में हेराफेरी की जांच की मांग

बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जनपद क्षेत्र की कई पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर अनियमितताओं की शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं, लेकिन जांच और कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

एक ही मटेरियल सप्लायर के नाम पर संदिग्ध बिल लगाए-शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कुछ पंचायतों में एक ही मटेरियल सप्लायर के नाम पर संदिग्ध बिल लगाए गए हैं। वहीं, कई लोगों के नाम मास्टर रोल में दर्ज कर मजदूरी का भुगतान दर्शाया गया, जबकि उनका संबंधित पंचायतों में कार्य करने से कोई संबंध नहीं था। आरोप है कि ठेकेदार से जुड़े मजदूरों एवं उसके ड्राइवर के नाम पर भी अलग-अलग पंचायतों से भुगतान किया गया।

अन्य पंचायतों में भी ऐसी शिकायतें सामने आई हैं-ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत डोकरघाट, दुलहरी, फुलवाही एवं सारसडोली सहित अन्य पंचायतों में ऐसे मामलों की शिकायतें सामने आई हैं। उनका कहना है कि यदि भुगतान और दस्तावेजों की तकनीकी जांच कराई जाए तो कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि पंचायतों में होने वाले भुगतान और तकनीकी स्वीकृतियां प्रशासनिक निगरानी में होती हैं, फिर भी यदि लगातार अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उनका कहना है कि कार्रवाई के अभाव में दोषियों के हौसले बढ़ रहे हैं।

उच्च स्तरीय जांच की मांग-ग्रामीणों ने कलेक्टर डिंडोरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि संबंधित ग्राम पंचायतों के बिल, मास्टर रोल, भुगतान अभिलेख एवं निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच कराई जाए।

कार्रवाई

अवैध उत्खनन और परिवहन पर एसडीएम पाली की बड़ी कार्रवाई

अवैध उत्खनन करते पोकलेन सहित 4 वाहन जब्त

उमरिया, नवभारत। जिले की नौरोजाबाद तहसील अंतर्गत घोरछत नदी के समीप कथित अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, टीबीसीएल कंपनी द्वारा नेशनल हाईवे के किनारे दिनदहाड़े अवैध रूप से खनिज उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की सूचना पर एसडीएम पाली मीनाक्षी बंजारे मौके पर पहुंचीं।

निरीक्षण के दौरान संबंधित पक्ष से खनिज उत्खनन एवं परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा सके। इसके बाद एसडीएम ने मौके पर एक पोकलेन मशीन, तीन हाईवा और एक ट्रेलर को जब्त कर पंचनामा तैयार कराया। जब्त वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन और परिवहन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है।

ग्राम सभाओं का आयोजन आज और कल

नवभारत उमरिया। कलेक्टर सहाय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 अन्तर्गत आवास प्लस वर्ष 2024 के सर्वे में चेकर द्वारा पात्र पाए गए हितग्राहियों का अंतिम सूची का वाचन, अनुमोदन हेतु ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा सम्पन्न कराने हेतु 9 और 10 जुलाई को अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटी नोडल अधिकारी के रूप मे लगाई है। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी चयनित ग्राम सभा हेतु ग्राम पंचायत में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर उपस्थित होकर शासन द्वारा जारी एजेन्डा अनुसार ग्राम सभा का आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे। ग्राम सभाओं के आयोजन के दौरान बैठक की वीडियोग्राफी की जाए एवं पंचायत निर्णय पोर्टल पर सुसंगत प्रविष्टियां भी की जाए।

मानपुर तहसील में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल

बिना डिग्री इलाज कर मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़, प्रशासन बेखबर

चिल्हारी नवभारत 8 जुलाई। मानपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मुडगुडी के क्षेत्र में इन दोनों झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। बिना किसी मान्यता प्राप्त डिग्री और प्रशिक्षण के खुलेआम क्लीनिक संचालित कर रहे हैं और मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कई जगहों पर तथा कथित डॉक्टर गंभीर बीमारियों का भी इलाज कर रहे हैं, जिससे मरीजों की हालत बिगड़ने के मामले सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सस्ती और तुरंत उपलब्ध सुविधा के कारण ग्रामीण इन झोलाछाप डॉक्टरो के पास जाने को मजबूर है।

कई गावों में हैं ऐसे डॉक्टरों की भरमार

बता दें कि अमरपुर क्षेत्र में ऐसे कई गांव है जहां झोलाछाप डॉक्टरों की

भरमार है। इनमें बकेली उमरिया, मुडगुडी, बचहा, पड़वार, सुखदास, भरौली आदि कई गांव शामिल हैं। इन क्लिनिको में न तो स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है और न ही दवाइयों का सही उपयोग किया जा रहा है। कई मामलों में गलत दवाइयों के इस्तेमाल से मरीज को नुकसान पहुंचने की शिकायतें भी मिल रही है।

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

सबसे चिंता जनक बात ये है कि इतने बड़े स्तर पर अवैध कार्य चलने के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं।

क्षेत्र में कार्यवाही की उठ रही मांग

स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए ताकि लोगों की जान के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ लोगों में जागरूकता फैलाना भी जरूरी है ताकि वह केवल योग और पंजीकृत डॉक्टरों से इलाज कराए।